इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.



मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 36] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 4 सितम्बर 2020—भाद्र 13, शक 1942

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 अगस्त 2020

क्र. एफ-1(ए)154-1993-ब-2-दो.—राज्य शासन द्वारा श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे-92, अति. पुलिस महानिदेशक (प्रबंध), पु. मु., भोपाल को दिनांक 20 से 25 जुलाई 2020 तक, छः दिवस अर्जित अवकाश एवं दिनांक 18-19 जुलाई 2020 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अति. पुलिस महानिदेशक (प्रबंध), पु. मु., भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 24 अगस्त 2020

क्र. एफ 1(ए)59-2012-ब-2-दो.—राज्य शासन श्री अशोक गोयल, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, अ.अ.वि., पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 11 से 25 मई 2020 तक, पन्द्रह दिवस लघुकृत/परिवर्तित अवकाश की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करता है.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2020.

(2) उक्त अवकाश के उपभोग के एवज में इनके लघुकृत अवकाश खाते से तीस दिवस अर्धवैतनिक अवकाश घटाया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अशोक गोयल, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अशोक गोयल, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ-1 (ए) 210-1996-ब-2-दो.—राज्य शासन, श्री ए. सांई मनोहर, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, अ.अ.वि., पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 27 से 31 जुलाई 2020 तक, पांच दिवस अर्जित अवकाश एवं दिनांक 26 जुलाई 2020 व 01-03 अगस्त 2020 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करता है.

(2) श्री ए. सांई मनोहर, भापुसे, के अवकाश अवधि में इनका चालू कार्य श्री आई. पी. कुलश्रेष्ठ, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, अ.अ.वि., पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ सम्पादित किया जावेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री ए. सांई मनोहर, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, अ.अ.वि., पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री ए. सांई मनोहर, भापुसे, द्वारा अपना कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री ए. सांई मनोहर, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री ए. सांई मनोहर, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ. 1(ए) 268-1986-ब-2-दो.—राज्य शासन द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार, भापुसे, विशेष पुलिस महानिदेशक (सायबर), पु. मु., भोपाल को खण्डवर्ष 2018-21 के द्वितीय विस्तार वर्ष 2019-20 के अन्तर्गत दिनांक 27 से 31 जुलाई 2020 तक, पांच दिवस आकस्मिक अवकाश व दिनांक 4 अगस्त 2020 का 01 दिवस आकस्मिक अवकाश तथा दिनांक 01-03 अगस्त 2020 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ उक्त अवधि में परिवार सहित गृह नगर की यात्रा के तहत् कानपुर (उ. प्र.) की अवकाश यात्रा सुविधा अन्तर्गत परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है:—

1.	श्री राजेन्द्र कुमार	—	स्वयं
2.	श्रीमती शुचि श्रीवास्तव	—	पत्नी

(2) अवकाश से लौटने पर श्री राजेन्द्र कुमार, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न विशेष पुलिस महानिदेशक (सायबर), पु. मु., भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री राजेन्द्र कुमार, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राजेन्द्र कुमार, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अन्नू भलावी, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 20 अगस्त 2020

पंजी क्र. 2240-2020-इक्कीस-ब-(एक).—राज्य शासन, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर की स्थापना पर प्रतिनियुक्ति पर विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी/रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, खण्डपीठ इन्दौर की हैसियत से उच्चतर न्यायिक सेवा के अधिकारी श्री वैभव मण्डलोई, अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायालय, क्र 5, विद्युत् अधिनियम, 2003 इन्दौर की सेवाएं उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश होने तक, एतद्द्वारा, माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर को सौंपता है.

भोपाल, दिनांक 24 अगस्त 2020

फा. क्र. 2300-2020-इक्कीस-ब (एक).—न्यायिक सेवा के सदस्य श्री मनोज सोनी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 चुरहट, जिला सीधी के द्वारा परिवीक्षा अवधि का निर्वहन संतोषजनक एवं सफलतापूर्वक नहीं कर पाने के कारण उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश द्वारा प्रशासनिक समिति की बैठक दिनांक 24 जुलाई 2020 एवं फुलकोर्ट मीटिंग दिनांक 18 अगस्त 2020 (By Circulation) में लिये गये निर्णय के अनुक्रम में उक्त न्यायिक अधिकारी की सेवा समाप्त (Termination of Service) करने की अनुशंसा की गई है.

उक्त न्यायिक अधिकारी के संबंध में उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की अनुशंसा के साथ संलग्न सहपत्रों से सहमत होते हुए, राज्य शासन

ने यह निर्णय लिया है कि श्री मनोज सोनी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग 2, चुरहट,जिला सीधी की आदेश दिनांक से सेवा समाप्त (Termination Service) की जाए.

अत:, मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 1994 के नियम 11 (सी) के अन्तर्गत एतद्द्वारा, राज्य शासन, श्री मनोज सोनी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग 2, चुरहट, जिला सीधी की सेवा समाप्त (Termination of Service) करता है.

फा. क्र. 2300-2020-इक्कीस-ब (एक).—न्यायिक सेवा के सदस्य श्री सत्यम पाण्ड्ेय, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, आगर, जिला शाजापुर के द्वारा परिवीक्षा अवधि का निर्वहन संतोषजनक एवं सफलतापूर्वक नहीं कर पाने के कारण उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश द्वारा प्रशासनिक समिति की बैठक दिनांक 24 जुलाई 2020 एवं फुलकोर्ट मीटिंग दिनांक 18 अगस्त 2020 (By Circulation) में लिये गये निर्णय के अनुक्रम में उक्त न्यायिक अधिकारी की सेवा समाप्त (Termination of Service) करने की अनुशंसा की गई है.

उक्त न्यायिक अधिकारी के संबंध में उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की अनुशंसा के साथ संलग्न सहपत्रों से सहमत होते हुए, राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है कि श्री सत्यम पाण्ड्ेय, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, आगर, जिला शाजापुर की आदेश दिनांक से सेवा समाप्त (Termination of Service) की जाए.

अत:, मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 1994 के नियम 11 (सी) के अन्तर्गत एतद्द्वारा, राज्य शासन, श्री सत्यम पाण्ड्ेय, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग 2, आगर, जिला शाजापुर की सेवा समाप्त (Termination of Service) करता है.

भोपाल, दिनांक 25 अगस्त 2020

फा. क्र. 2235-2020-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984 (1984 का सं. 66) की धारा 4 सहपठित मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत उच्चतर न्यायिक सेवा के निम्नलिखित न्यायिक अधिकारियों को एतद्द्वारा, उनके नाम के सम्मुख दर्शाये अनुसार उनके पदभार ग्रहण करने के दिनांक से आगामी आदेश होने तक नियुक्त करता है :—

क्र. (1)	न्यायिक अधिकारी का नाम एवं वर्तमान पदस्थापना (2)	नवीन पदस्थापना (3)
1	श्री उपेन्द्र कुमार सिंह, रजिस्ट्रार, मध्यप्रदेश माध्यस्थम अधिकरण, भोपाल.	प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, उज्जैन की हैसियत से श्री राजेश गुप्ता के स्थान पर.
2	श्री पद्मचन्द्र गुप्ता, अष्टम् अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोपाल.	प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, राजगढ़ की हैसियत से रिक्त न्यायालय में. श्री गुप्ता, वर्तमान पदस्थापना के साथ-साथ कुटुम्ब न्यायालय, शाजापुर का समवर्ती प्रभार (concurrent charge) भी संभालेंगे एवं इस हेतु वे प्रत्येक माह में **एक सप्ताह** के लिए कुटुम्ब न्यायालय, शाजापुर में श्रृंखला न्यायालय आयोजित करेंगे.
3	श्री हरीश कुमार कौशिक, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गोहद जिला भिण्ड.	प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, दतिया की हैसियत से रिक्त न्यायालय में. श्री कौशिक वर्तमान पदस्थापना के साथ-साथ कुटुम्ब न्यायालय, ग्वालियर (दतिया लिंक ग्वालियर) का समवर्ती प्रभार (concurrent charge) भी संभालेंगे एवं इस हेतु वे प्रत्येक माह में **तीन सप्ताह** के लिए कुटुम्ब न्यायालय, ग्वालियर में श्रृंखला न्यायालय आयोजित करेंगे.
4	श्री भागवत प्रसाद पाण्डेय, षष्ठम् अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोपाल.	प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, दमोह की हैसियत से रिक्त न्यायालय में.
5	श्री उमेश कुमार श्रीवास्तव, बाहरवें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, इन्दौर.	प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, बैढ़न (सिंगरौली) की हैसियत से श्री ऋतुराज बसंत कुमार के दिनांक 31 अगस्त 2020 को सेवानिवृत्ति उपरान्त रिक्त होने वाले पद पर.

(1)	(2)	(3)
6	श्री संजीव कुमार अग्रवाल, पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भिण्ड.	प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, भिण्ड की हैसियत से श्रीमती अनीता सिंह के स्थान पर.
7	श्री अनिल कुमार सुहाने, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी/रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, खण्डपीठ इन्दौर, इन्दौर.	प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, इन्दौर की हैसियत से श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा (जूनियर) के स्थान पर.

उक्त अधिकारियों को देय वेतन तथा भत्ते का निर्धारण मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत विकलनीय होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सत्येन्द्र कुमार सिंह, प्रमुख सचिव.

वित्त विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 13 अगस्त 2020

क्र एफ-22-14-2000-ई-चार.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 24 सितम्बर 2018 में संशोधन करते हुए, राज्य वित्तीय निगम, अधिनियम, 1951 (क्रमांक 63 सन् 1951) (संशोधित अधिनियम, 2000) की धारा 10 (ए) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, श्री अनुराग जैन, तत्कालीन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, भोपाल के अन्यत्र स्थानांतरित हो जाने के कारण श्री मनोज गोविल, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, भोपाल को मध्यप्रदेश वित्त निगम के संचालक मण्डल में संचालक के पद हेतु तत्काल प्रभाव से नामांकित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोज कुमार जैन, उपसचिव.

श्रम विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17 अगस्त 2020

क्र. एफ-1ए-06-2016-सोलह.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 7 की उपधारा (2) के साथ पठित मध्यप्रदेश औद्योगिक संबंध अधिनियम, 1960 (क्रमांक 27 सन् 1960) की धारा 8 की उपधारा (2) एवं कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 1923 की धारा 20 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर नीचे दी गई सारणी के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट न्यायिक अधिकारी को सारणी के कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट श्रम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त करती है :—

सारणी

क्रमांक	न्यायिक अधिकारी का नाम	श्रम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी
(1)	(2)	(3)
1	श्री प्रदीप कुमार सोनी (जूनियर), चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1, छिन्दवाड़ा.	पीठासीन अधिकारी, श्रम न्यायालय, छिन्दवाड़ा.

भोपाल, दिनांक 28 अगस्त 2020

क्र. 688-635-2020-ए-सोलह.—कारखाना अधिनियम, 1948 (1948 का 63) की धारा 8 की उपधारा (2-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, अधिसूचित करती है कि अपर मुख्य कारखाना निरीक्षक या संयुक्त मुख्य कारखाना निरीक्षक, जो राज्य के मुख्य कारखाना निरीक्षक की अवकाश कालावधि के दौरान संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मध्यप्रदेश का प्रभार धारण कर रहा हो, केवल उस कालावधि में मध्यप्रदेश के मुख्य कारखाना निरीक्षक, की शक्तियों का प्रयोग करेगा.

S. No. 688-635-2020-A-XVI.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2-A) of Section 8 of the Factories Act, 1948 (63 of 1948) the State Government, hereby, notifies that Additional Chief Inspector of factories or Joint Chief Inspector of factories, whosoever holding the charge of Director, Industrial Health and Safety, Madhya Pradesh during leave of period of Chief Inspector of Factories of the State, shall exercise the power of Chief Inspector of Factories, of Madhya Pradesh in that period only.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
छोटे सिंह, उपसचिव.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 अगस्त 2020

क्र. एफ-11-01 (11-1)2006-उन्तीस-2.—मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक एफ 11-02-2019-एक-9, दिनांक 6 मार्च 2019 से निगम मंडल के अध्यक्ष का कार्यभार संबंधित विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव को सौंपे जाने के आदेश प्राप्त हुए हैं.

(2) उक्त आदेश के परिपालन में, राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन एक्ट, 1962 (क्रमांक 58 सन् 1962) की धारा 20 (1) (बी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, श्री फैज अहमद किदवई, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के संचालक मंडल में संचालक, नियुक्त करते हुए कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से दो वर्ष अथवा आगामी आदेश, जो भी पहले हो, तक के लिये संचालक एवं अध्यक्ष नियुक्त करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
उमाकांत पाण्डेय, उपसचिव.

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 अगस्त 2020

सूचना

क्र. एफ-13-4-2017-बी-ग्यारह.—मध्यप्रदेश भागीदारी (फर्मों का रजिस्ट्रीकरण) नियम, 1951 में संशोधन का निम्नलिखित प्रारूप जिसे राज्य सरकार, भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का सं. 9) की धारा 71 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, बनाना प्रस्तावित करती है. उक्त अधिनियम की धारा 71 की उपधारा (3) द्वारा यथा अपेक्षित ऐसे समस्त व्यक्तियों की, जिनके कि उससे प्रभावित होने की संभावना है, जानकारी के लिये एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है और एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि इस सूचना के, मध्यप्रदेश के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस का अवसान होने पर, उक्त प्रारूप पर विचार किया जाएगा.

ऐसी किसी भी आपत्ति या सुझाव पर जो कि उक्त प्रारूप के संबंध में किसी व्यक्ति से, ऊपर विनिर्दिष्ट कालावधि के अवसान होने के पूर्व, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल में कार्यालयीन समय

के दौरान प्राप्त हों, राज्य सरकार द्वारा विचार किया जायेगा.

संशोधन का प्रारूप

उक्त नियमों में, नियम 19 में, खण्ड (एक) के स्थान पर, निम्नलिखित खण्ड स्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"(एक) अधिकतम फीस-अधिकतम फीस निम्नानुसार उद्गृहीत की जाएगी:—

दस्तावेज या कृत्य जिसके विषय में फीस देय है (1)	अधिकतम फीस (2)
धारा 58 के अधीन कथन	छः सौ पैंतीस रुपए
धारा 60 के अधीन कथन	एक सौ छब्बीस रुपए
धारा 61 के अधीन प्रज्ञापना	एक सौ छब्बीस रुपए
धारा 62 के अधीन प्रज्ञापना	तिरसठ रुपए
धारा 63 के अधीन सूचना	एक सौ छब्बीस रुपए
धारा 64 के अधीन आवेदन	तिरसठ रुपए
धारा 66 की उपधारा (1) के अधीन फर्म्स के रजिस्टर का निरीक्षण	तीस रुपए
धारा 66 की उपधारा (2) के अधीन किसी फर्म्स से संबंधित दस्तावेजों का निरीक्षण.	तीस रुपए
धारा 67 के अधीन प्रतिलिपियां	पन्द्रह रुपए (प्रत्येक सौ शब्द या उसके भाग के लिए).".

NOTICE

No. F-13-4-2017-B-XI.—The following draft of amendments in the Madhya Pradesh Partnership (Registration of Firm) Rules, 1951 which the State Government proposes to make in exercise of the Powers conferred by sub-section (1) of Section 71 of the Indian Partnership Act, 1932 (No. 9 of 1932) is hereby published as required by sub-section (3) of Section 71 of the said Act, for the information of all persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that the said draft will be taken in to consideration on the expiry of 30 days from the date of publication of this notice in the Madhya Pradesh Gazette.

Any objection or suggestion which may be received by the Principal Secretary, Government of Madhya Pradesh Industrial Policy and Investment Promotion Department, Mantralaya, Vallabh Bhawan, Bhopal During office hours from any person with respect to the said draft of amendment before the expiry of the period specified above will be considered by the State Government.

DRAFT OF AMENDMENT

In the said rules, in rule 19, for clause (i), the following clause shall be substituted namely:—

"(i) Maximum Fees-The Maximum fees shall be levied as under:—

Document or act in respect of which The fee in payable (1)	Maximum Fee (2)
Statement under Section 58	Rupees six hundred thirty five
Statement under Section 60	Rupees one hundred twenty six
Intimation under Section 61	Rupees one hundred twenty six
Intimation under Section 62	Rupees sixty three
Notice under Section 63	Rupees one hundred twenty six
Application under section 64	Rupees sixty three
Inspection of the Register of Firms under sub-section (1) of section 66.	Rupees thirty
Inspection of documents relating to a firm under sub-section (2) of Section 66.	Rupees thirty
Copies under Section 67	Rupees fifteen (For each hundred words or part thereof)

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. विजय दत्ता, उपसचिव.

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 24 अगस्त 2020

क्र. एफ-25-65-2003-दस-3.—मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-25-65-2003-दस-3, दिनांक 5 फरवरी 2004 जिसका संबंध अनुसंधान एवं विस्तार वृत्त के कार्यालयों के गठन से है, को राज्य शासन, एतद्द्वारा, आंशिक रूप से अधिक्रमित करते हुए वन संरक्षक अनुसंधान एवं विस्तार वृत्त कार्यालयों का नाम निम्नानुसार वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत्त कार्यालयों में परिवर्तित किया जाता है:—

क्र. (1)	सामाजिक वानिकी वृत्त (2)	मुख्यालय (3)	वृत्त में सम्मिलित जिले का नाम (4)	
1	वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, भोपाल.	भोपाल	1.	भोपाल
			2.	रायसेन
			3.	सिहोर
			4.	राजगढ़
			5.	विदिशा
2	वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, बैतूल.	बैतूल	6.	बैतूल
			7.	होशंगाबाद
			8.	हरदा
3.	वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, ग्वालियर	ग्वालियर	9.	ग्वालियर
			10.	दतिया
			11.	मुरैना
			12.	भिण्ड
			13.	शिवपुरी
			14.	गुना
			15.	अशोकनगर
			16.	श्योपुर
4.	वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, इन्दौर	इन्दौर	17.	इन्दौर
			18.	देवास
5.	वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, झाबुआ	झाबुआ	19.	झाबुआ
			20.	धार
			21.	अलीराजपुर
6.	वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, खण्डवा	खण्डवा	22.	खण्डवा
			23.	बड़वानी
			24.	खरगौन
			25.	बुरहानपुर
7.	वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, जबलपुर	जबलपुर	26.	जबलपुर
			27.	कटनी
			28.	मण्डला
			29.	डिंडौरी
8.	वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, रतलाम	रतलाम	30.	रतलाम
			31.	मंदसौर
			32.	उज्जैन
			33.	शाजापुर
			34.	नीमच

(1)	(2)	(3)	(4)	
			35.	आगर
9.	वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, सिवनी	सिवनी	36.	सिवनी
			37.	नरसिंहपुर
			38.	छिन्दवाड़ा
			39.	बालाघाट
10.	वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, सागर	सागर	40.	सागर
			41.	दमोह
			42.	छतरपुर
			43.	टीकमगढ़
			44.	पन्ना
			45.	निवाड़ी
11.	वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, रीवा	रीवा	46.	रीवा
			47.	सतना
			48.	सिंगरौली
			49.	सीधी
			50.	शहडोल
			51.	अनूपपुर
			52.	उमरिया

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एच. एस. मोहन्ता, सचिव.

भोपाल, दिनांक 24 अगस्त 2020

एफ-25-65-2003-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 340 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ-25-65-2003-दस-3, दिनांक 24 अगस्त 2020 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एच. एस. मोहन्ता, सचिव.

Bhopal, the 24th August 2020

No. F-25-65-2003-X-3.—In partial suppression of the Madhya Pradesh, Government Forest Department Notification No. F-25-65-2003-X-3, dated 5th February 2004, in so far as it relates to the constitution of the offices of Conservator of Forest, Research and Extension, the State Government here by change the name of Conservator of Forest Research Extension offices, into the Office of Conservator of Forest, Social Forestry Circle, as mentioned below:—

Sr. No.	Social Forestry Circle	Head Quarter	Name of District Included in Circle	
(1)	(2)	(3)	(4)	
1	Conservator of Forest, Social Forestry circle, Bhopal.	Bhopal.	1.	Bhopal.
			2.	Raisen.
			3.	Sehore
			4.	Rajgarh
			5.	Vidisha

(1)	(2)	(3)	(4)
2	Conservator of Forest, Social Forestry circle, Betul.	Betul	6. Betul 7. Hoshangabad 8. Harda
3.	Conservator of Forest, Social Forestry circle, Gwalior.	Gwalior	9. Gwalior 10. Datia 11. Murena 12. Bhind 13. Shivpuri 14. Guna 15. Ashok Nagar 16. Sheopur
4.	Conservator of Forest, Social Forestry circle, Indore.	Indore	17. Indore 18. Dewas
5.	Conservator of Forest, Social Forestry circle, Jhabua.	Jhabua	19. Jhabua 20. Dhar 21. Alirajpur
6.	Conservator of Forest, Social Forestry circle, Khnadwa.	Khnadwa	22. Khnadwa 23. Badwani 24. Khargone 25. Burhanpur
7.	Conservator of Forest, Social Forestry circle, Jabalpur.	Jabalpur	26. Jabalpur 27. Katni 28. Mandla 29. Dindori
8.	Conservator of Forest, Social Forestry circle, Ratlam.	Ratlam	30. Ratlam 31. Mandsour 32. Ujjain 33. Shajapur 34. Neemuch 35. Aagar
9.	Conservator of Forest, Social Forestry circle, Seoni.	Seoni	36. Seoni 37. Narsinghpur 38. Chhindwara 39. Balaghat
10.	Conservator of Forest, Social Forestry circle, Sagar	Sagar	40. Sagar 41. Damoh 42. Chhtararpur 43. Tikamgarh 44. Panna 45. Niwari
11.	Conservator of Forest, Social Forestry circle, Rewa.	Rewa	46. Rewa 47. Satna 48. Singroli 49. Sidhi 50. Shahdol 51. Anuppur 52. Umaria

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
H. S. MOHANTA, Secy.

विभाग प्रमुखों के आदेश

संचालनालय, नगर तथा ग्राम निवेश, मध्यप्रदेश, भोपाल

कचनार, ई-5, पर्यावरण परिसर, अरेरा कालोनी, हबीबगंज पुलिस थाना के पास, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 अगस्त 2020

सतना विकास योजना, 2021 में प्रस्तावित उपांतरण की सूचना

क्र. 3151-वि.यो. 496-नग्रानि-2020.—एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि सतना विकास योजना 2021 में उपांतरण का प्रारूप मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973), की धारा 23 सहपठित धारा 18 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार निम्नानुसार प्रकाशित किया गया है. जिसकी प्रति निरीक्षण के लिये निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है:—

1. आयुक्त, रीवा, संभाग रीवा, मध्यप्रदेश
2. कलेक्टर, जिला सतना, मध्यप्रदेश
3. उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय सतना, मध्यप्रदेश
4. आयुक्त, नगरपालिका निगम, सतना, मध्यप्रदेश.

अनुसूची

क्र.	विकास योजना (नगर का नाम)	विकास योजना में भूमि में उपयोग	अध्याय	विकास योजना की सारणी/ कंडिका	सारणी कॉलम का सरल क्रमांक	उपांतरण प्रस्ताव कॉलम क्रमांक (5) एवं कॉलम क्रमांक (6) में अतिरिक्त प्रस्तावित स्वीकृत एवं स्वीकार्य उपयोग.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	सतना विकास योजना 2021.	सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक.	4	4.14.1	पी-एस-1 एवं 2 प्रशासनिक /संस्थायें	सूचना प्रौद्योगिकी* एवं गैर प्रदूषणकारी उद्योग**.
		कृषि	4	4.14.1	ए-3 कृषि परिक्षेत्र (ए-2 सहित)	सूचना प्रौद्योगिकी*, गैर प्रदूषणकारी उद्योग**, कृषि पर्यटन सुविधा *** एवं गोदाम के स्थान पर समस्त प्रकार के भण्डारण जो सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकार्य होंगे.

व्याख्या—

i *सूचना प्रौद्योगिकी से तात्पर्य है मध्यप्रदेश शासन द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के नीति पत्र में वर्णित उद्योग एवं संस्थायें.

ii **गैर प्रदूषणकारी उद्योग से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल द्वारा सफेद श्रेणी में वर्गीकृत उद्योग.

iii ***कृषि पर्यटन सुविधा से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 17(क) के अनुसार.

टीप:—उपरोक्त i एवं ii के भूखण्ड हेतु पहुंच मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12.0 मीटर होगी.

प्रस्तावित उपांतरण के ब्यौरे सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समयावधि के लिये आम जनता के निरीक्षण हेतु www.mptownplan.gov.in वेबसाईट पर भी उपलब्ध होंगे. यदि कोई आपत्ति या सुझाव प्रारूप उपांतरण के संबंध में हो, उसे लिखित में कार्यालयीन समय में नगर तथा ग्राम निवेश के उपरोक्त वर्णित जिला कार्यालय में "मध्यप्रदेश राजपत्र" में सूचना के प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिन की अवधि का अवसान होने के पूर्व, सम्यक् विचार हेतु प्रस्तुत किया जा सकता है.

अजीत कुमार, आयुक्त-सह-संचालक.

भोपाल, दिनांक 20 अगस्त 2020

सिवनी विकास योजना, 2021 में प्रस्तावित उपांतरण की सूचना

क्र. 3155-वि.यो. 496-नग्रानि-2020.—एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि सिवनी विकास योजना, 2021 में उपांतरण का प्रारूप मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973), की धारा 23 सहपठित धारा 18 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार निम्नानुसार प्रकाशित किया गया है. जिसकी प्रति निरीक्षण के लिये निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है:—

1. आयुक्त, जबलपुर, संभाग जबलपुर, मध्यप्रदेश
2. कलेक्टर, जिला सिवनी, मध्यप्रदेश
3. उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश
4. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, सिवनी, मध्यप्रदेश.

अनुसूची

क्र.	विकास योजना (नगर का नाम)	विकास योजना में भूमि में उपयोग	अध्याय	विकास योजना की सारणी/ कंडिका	सारणी कॉलम का सरल क्रमांक	उपांतरण प्रस्ताव कॉलम क्रमांक (5) एवं कॉलम क्रमांक (6) में अतिरिक्त प्रस्तावित स्वीकृत एवं स्वीकार्य उपयोग.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	सिवनी विकास योजना 2021.	सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक.	6	6-सा-14	4	सूचना प्रौद्योगिकी* एवं गैर प्रदूषणकारी उद्योग**.
		कृषि	6	6-सा-14	7	सूचना प्रौद्योगिकी*, गैर प्रदूषणकारी उद्योग**, कृषि पर्यटन सुविधा *** एवं गोदाम के स्थान पर समस्त प्रकार के भण्डारण जो सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकार्य होंगे.

व्याख्या—

i *सूचना प्रौद्योगिकी से तात्पर्य है मध्यप्रदेश शासन द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के नीति पत्र में वर्णित उद्योग एवं संस्थायें.

ii **गैर प्रदूषणकारी उद्योग से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल द्वारा सफेद श्रेणी में वर्गीकृत उद्योग.

iii ***कृषि पर्यटन सुविधा से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 17(क) के अनुसार.

टीप:—उपरोक्त i एवं ii के भूखण्ड हेतु पहुंच मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12.0 मीटर होगी.

प्रस्तावित उपांतरण के ब्यौरे सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समयावधि के लिये आम जनता के निरीक्षण हेतु www.mptownplan.gov.in वेबसाईट पर भी उपलब्ध होंगे. यदि कोई आपत्ति या सुझाव प्रारूप उपांतरण के संबंध में हो, उसे लिखित में कार्यालयीन समय में नगर तथा ग्राम निवेश के उपरोक्त वर्णित जिला कार्यालय में "मध्यप्रदेश राजपत्र" में सूचना के प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिन की अवधि का अवसान होने के पूर्व, सम्यक् विचार हेतु प्रस्तुत किया जा सकता है.

अजीत कुमार, आयुक्त-सह-संचालक.

भोपाल, दिनांक 20 अगस्त 2020

अमरकंटक विकास योजना, 2015 में प्रस्तावित उपांतरण की सूचना

क्र. 3159-वि.यो. 496-नग्रानि-2020.—एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अमरकंटक विकास योजना, 2015 में उपांतरण का प्रारूप मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973), की धारा 23 सहपठित धारा 18 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार निम्नानुसार प्रकाशित किया गया है. जिसकी प्रति निरीक्षण के लिये निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है:—

1. आयुक्त, शहडोल, संभाग शहडोल, मध्यप्रदेश
2. कलेक्टर, जिला अनूपपुर, मध्यप्रदेश
3. सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय अनूपपुर, मध्यप्रदेश
4. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद्, अमरकंटक, मध्यप्रदेश.

अनुसूची

क्र.	विकास योजना (नगर का नाम)	विकास योजना में भूमि में उपयोग	अध्याय	विकास योजना की सारणी/ कंडिका	सारणी कॉलम का सरल क्रमांक	उपांतरण प्रस्ताव कॉलम क्रमांक (5) एवं कॉलम क्रमांक (6) में अतिरिक्त प्रस्तावित स्वीकृत एवं स्वीकार्य उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	अमरकंटक विकास योजना, 2015.	सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक.	6	6-सा-6	—	सूचना प्रौद्योगिकी* एवं गैर प्रदूषणकारी उद्योग**.
		कृषि	6	6.10	—	सूचना प्रौद्योगिकी*, गैर प्रदूषणकारी उद्योग**, कृषि पर्यटन सुविधा *** एवं गोदाम के स्थान पर समस्त प्रकार के भण्डारण जो सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकार्य होंगे.

व्याख्या—

i *सूचना प्रौद्योगिकी से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश शासन द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के नीति पत्र में वर्णित उद्योग एवं संस्थायें.

ii **गैर प्रदूषणकारी उद्योग से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल द्वारा सफेद श्रेणी में वर्गीकृत उद्योग.

iii ***कृषि पर्यटन सुविधा से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 17(क) के अनुसार.

टीप:—उपरोक्त i एवं ii के भूखण्ड हेतु पहुंच मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12.0 मीटर होगी.

प्रस्तावित उपांतरण के ब्यौरे सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समयावधि के लिये आम जनता के निरीक्षण हेतु www.mptownplan.gov.in वेबसाईट पर भी उपलब्ध होंगे. यदि कोई आपत्ति या सुझाव प्रारूप उपांतरण के संबंध में हो, उसे लिखित में कार्यालयीन समय में नगर तथा ग्राम निवेश के उपरोक्त वर्णित जिला कार्यालय में "मध्यप्रदेश राजपत्र" में सूचना के प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिन की अवधि का अवसान होने के पूर्व सम्यक् विचार हेतु प्रस्तुत किया जा सकता है.

अजीत कुमार, आयुक्त-सह-संचालक.

भोपाल, दिनांक 20 अगस्त 2020

मंडला विकास योजना, 2021 में प्रस्तावित उपांतरण की सूचना

क्र. 3163-वि.यो. 496-नग्रानि-2020.—एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि मंडला विकास योजना, 2021 में उपांतरण का प्रारूप मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 23 सहपठित धारा 18 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार निम्नानुसार प्रकाशित किया गया है. जिसकी प्रति निरीक्षण के लिये निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है:—

1. आयुक्त, जबलपुर, संभाग जबलपुर, मध्यप्रदेश
2. कलेक्टर, जिला मंडला, मध्यप्रदेश
3. सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय मंडला, मध्यप्रदेश
4. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, मंडला, मध्यप्रदेश.

अनुसूची

क्र.	विकास योजना (नगर का नाम)	विकास योजना में भूमि में उपयोग	अध्याय	विकास योजना की सारणी	सारणी कॉलम का सरल क्रमांक	उपांतरण प्रस्ताव कॉलम क्रमांक (5) एवं कॉलम क्रमांक (6) में अतिरिक्त प्रस्तावित स्वीकृत एवं स्वीकार्य उपयोग.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	मंडला विकास योजना, 2021.	सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक.	6	6-सा-15	4	सूचना प्रौद्योगिकी* एवं गैर प्रदूषणकारी उद्योग**.
		कृषि	6	6-सा-15	7	सूचना प्रौद्योगिकी*, गैर प्रदूषणकारी उद्योग**. कृषि पर्यटन सुविधा *** एवं गोदाम के स्थान पर समस्त प्रकार के भण्डारण जो सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकार्य होंगे.

व्याख्या—

i *सूचना प्रौद्योगिकी से तात्पर्य है मध्यप्रदेश शासन द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के नीति पत्र में वर्णित उद्योग एवं संस्थायें.

ii **गैर प्रदूषणकारी उद्योग से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल द्वारा सफेद श्रेणी में वर्गीकृत उद्योग.

iii ***कृषि पर्यटन सुविधा से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 17(क) के अनुसार.

टीप:—उपरोक्त i एवं ii के भूखण्ड हेतु पहुंच मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12.0 मीटर होगी.

प्रस्तावित उपांतरण के ब्यौरे सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समयावधि के लिये आम जनता के निरीक्षण हेतु www.mptownplan.gov.in वेबसाईट पर भी उपलब्ध होंगे. यदि कोई आपत्ति या सुझाव प्रारूप उपांतरण के संबंध में हो, उसे लिखित में कार्यालयीन समय में नगर तथा ग्राम निवेश के उपरोक्त वर्णित जिला कार्यालय में "मध्यप्रदेश राजपत्र" में सूचना के प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिन की अवधि का अवसान होने के पूर्व, सम्यक् विचार हेतु प्रस्तुत किया जा सकता है.

अजीत कुमार, आयुक्त-सह-संचालक.

भोपाल, दिनांक 21 अगस्त 2020

बैरसिया विकास योजना 2021 में प्रस्तावित उपांतरण की सूचना

क्र. 3184-वि.यो. 496-नग्रानि-2020.—एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि बैरसिया विकास योजना 2021 में उपांतरण का प्रारूप मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973), की धारा 23 सहपठित धारा 18 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार निम्नानुसार प्रकाशित किया गया है. जिसकी प्रति निरीक्षण के लिये निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है:—

1. आयुक्त, भोपाल, संभाग भोपाल मध्यप्रदेश
2. कलेक्टर, जिला भोपाल, मध्यप्रदेश
3. संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय भोपाल, मध्यप्रदेश
4. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, बैरसिया, मध्यप्रदेश.

अनुसूची

क्र.	विकास योजना (नगर का नाम)	विकास योजना में भूमि उपयोग	अध्याय	विकास योजना की सारणी	सारणी कॉलम का सरल क्रमांक	उपांतरण प्रस्ताव कॉलम क्रमांक (5) एवं कॉलम क्रमांक (6) में अतिरिक्त प्रस्तावित स्वीकृत एवं स्वीकार्य उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	बैरसिया विकास योजना, 2021.	सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक.	6	6-सा-14	4	सूचना प्रौद्योगिकी* एवं गैर प्रदूषणकारी उद्योग**.
		कृषि	6	6-सा-14	7	सूचना प्रौद्योगिकी*, गैर प्रदूषणकारी उद्योग**, कृषि पर्यटन सुविधा *** एवं गोदाम के स्थान पर समस्त प्रकार के भण्डारण जो सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकार्य होंगे.

व्याख्या—

i *सूचना प्रौद्योगिकी से तात्पर्य है मध्यप्रदेश शासन द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के नीति पत्र में वर्णित उद्योग एवं संस्थायें.

ii **गैर प्रदूषणकारी उद्योग से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल द्वारा सफेद श्रेणी में वर्गीकृत उद्योग.

iii ***कृषि पर्यटन सुविधा से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के नियम 17(क) के अनुसार.

टीप:—उपरोक्त i एवं ii के भूखण्ड हेतु पहुंच मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12.0 मीटर होगी.

प्रस्तावित उपांतरण के ब्यौरे सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समयावधि के लिये आम जनता के निरीक्षण हेतु www.mptownplan.gov.in वेबसाईट पर भी उपलब्ध होंगे. यदि कोई आपत्ति या सुझाव प्रारूप उपांतरण के संबंध में हो, उसे लिखित में कार्यालयीन समय में नगर तथा ग्राम निवेश के उपरोक्त वर्णित जिला कार्यालय में "मध्यप्रदेश राजपत्र" में सूचना के प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिन की अवधि का अवसान होने के पूर्व, सम्यक् विचार हेतु प्रस्तुत किया जा सकता है.

अजीत कुमार, आयुक्त-सह-संचालक.

भोपाल, दिनांक 24 अगस्त 2020

बड़वानी विकास योजना 2015 में प्रस्तावित उपांतरण की सूचना

क्र. 3195-वि.यो.-नग्रानि-2020.—एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि बड़वानी विकास योजना 2015 में उपांतरण का प्रारूप मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973), की धारा 23 सहपठित धारा 18 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार निम्नानुसार प्रकाशित किया गया है. जिसकी प्रति निरीक्षण के लिये निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है:—

1. आयुक्त, इन्दौर, संभाग इन्दौर, मध्यप्रदेश
2. कलेक्टर, बड़वानी, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश
3. सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय खरगोन, मध्यप्रदेश
4. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, बड़वानी, मध्यप्रदेश.

(प्रस्तावित उपान्तरण का विवरण)
अनुसूची

क्र.	विकास योजना (नगर का नाम)	विकास योजना में भूमि उपयोग	अध्याय	विकास योजना की सारणी/ कंडिका क्रमांक	सारणी/ कंडिका/ कॉलम का सरल क्रमांक	उपांतरण प्रस्ताव उपांतरित कालम क्रमांक (5) एवं कॉलम क्रमांक (6) में अतिरिक्त प्रस्तावित स्वीकृत उपयोग.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	बड़वानी विकास योजना 2015.	सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक.	6	6-सा-14	4	सूचना प्रौद्योगिकी* एवं गैर प्रदूषणकारी उद्योग**.
		कृषि	6	6-सा-14	7	सूचना प्रौद्योगिकी*, गैर प्रदूषणकारी उद्योग**, कृषि पर्यटन सुविधा *** एवं गोदाम के स्थान पर समस्त प्रकार के भण्डारण जो सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकार्य होंगे.

व्याख्या—

i *सूचना प्रौद्योगिकी से तात्पर्य है मध्यप्रदेश शासन द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के नीति पत्र में वर्णित उद्योग एवं संस्थायें.

ii **गैर प्रदूषणकारी उद्योग से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल द्वारा सफेद श्रेणी में वर्गीकृत उद्योग.

iii ***कृषि पर्यटन सुविधा से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के नियम 17(क) के अनुसार.

टीप:—उपरोक्त i एवं ii के भूखण्ड हेतु पहुंच मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12.0 मीटर होगी.

प्रस्तावित उपांतरण के ब्यौरे सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समयावधि के लिये आम जनता के निरीक्षण हेतु www.mptownplan.gov.in वेबसाईट पर भी उपलब्ध होंगे. यदि कोई आपत्ति या सुझाव प्रारूप उपांतरण के संबंध में हो, उसे लिखित में कार्यालयीन समय में नगर तथा ग्राम निवेश के उपरोक्त वर्णित जिला कार्यालय में ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में सूचना के प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिन की अवधि का अवसान होने के पूर्व, सम्यक् विचार हेतु प्रस्तुत किया जा सकता है.

अजीत कुमार, आयुक्त-सह-संचालक.

भोपाल, दिनांक 24 अगस्त 2020

अनूपपुर विकास योजना 2021 में प्रस्तावित उपांतरण की सूचना

क्र. 3201-वि.यो. 496-नग्रानि-2020.—एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अनूपपुर विकास योजना 2021 में उपांतरण का प्रारूप मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973), की धारा 23 सहपठित धारा 18 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार निम्नानुसार प्रकाशित किया गया है. जिसकी प्रति निरीक्षण के लिये निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है:—

1. आयुक्त, शहडोल, संभाग शहडोल, मध्यप्रदेश
2. कलेक्टर, जिला अनूपपुर, मध्यप्रदेश
3. सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय अनूपपुर, मध्यप्रदेश
4. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, अनूपपुर, मध्यप्रदेश.

अनुसूची

क्र.	विकास योजना (नगर का नाम)	विकास योजना में भूमि में उपयोग	अध्याय	विकास योजना की सारणी/ कंडिका	सारणी कॉलम का सरल क्रमांक	उपांतरण प्रस्ताव कॉलम क्रमांक (5) एवं कॉलम क्रमांक (6) में अतिरिक्त प्रस्तावित स्वीकृत एवं स्वीकार्य उपयोग.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	अनूपपुर विकास योजना, 2021.	सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक.	6	6-सा-14	4	सूचना प्रौद्योगिकी* एवं गैर प्रदूषणकारी उद्योग**.
		कृषि	6	6-सा-14	7	सूचना प्रौद्योगिकी*, गैर प्रदूषणकारी उद्योग**, कृषि पर्यटन सुविधा *** एवं गोदाम के स्थान पर समस्त प्रकार के भण्डारण जो सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकार्य होंगे.

व्याख्या—

i *सूचना प्रौद्योगिकी से तात्पर्य है मध्यप्रदेश शासन द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के नीति पत्र में वर्णित उद्योग एवं संस्थायें.

ii **गैर प्रदूषणकारी उद्योग से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल द्वारा सफेद श्रेणी में वर्गीकृत उद्योग.

iii ***कृषि पर्यटन सुविधा से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 17(क) के अनुसार.

टीप:—उपरोक्त i एवं ii के भूखण्ड हेतु पहुंच मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12.0 मीटर होगी.

प्रस्तावित उपांतरण के ब्यौरे सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समयावधि के लिये आम जनता के निरीक्षण हेतु www.mptownplan.gov.in वेबसाईट पर भी उपलब्ध होंगे. यदि कोई आपत्ति या सुझाव प्रारूप उपांतरण के संबंध में हो, उसे लिखित में कार्यालयीन समय में नगर तथा ग्राम निवेश के उपरोक्त वर्णित जिला कार्यालय में "मध्यप्रदेश राजपत्र" में सूचना के प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिन की अवधि का अवसान होने के पूर्व, सम्यक् विचार हेतु प्रस्तुत किया जा सकता है.

अजीत कुमार, आयुक्त-सह-संचालक.

देवास विकास प्राधिकरण, देवास

चामुण्डा कॉम्पलेक्स, ए. बी. रोड, देवास, मध्यप्रदेश

प्रारूप-सोलह

[नियम 19(2) देखिए]

धारा 50 की उपधारा (1) के अधीन नगर विकास योजना बनाने के आशय की घोषणा की सूचना

क्र. 1730 देवास, दिनांक 27 अगस्त 2020

मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23, सन् 1973) की धारा 50 की उप–धारा (1) के अधीन एतद् द्वारा घोषित किया जाता है कि. **देवास विकास प्राधिकरण** (नगर तथा ग्राम निवेश प्राधिकरण का नाम) नगर विकास योजना क्रमांक **TDS-02/2020** अर्थात देवास नगर (क्षेत्र का विवरण जहॉ स्कीम प्रस्तावित है) बनाने का आशय रखता है। स्कीम में सम्मिलित किये गये खसरा क्रमांक निम्नानुसार हैः–

सरल क्रमांक (1)	स्वामी का नाम (2)	तहसील (3)	ग्राम का नाम (4)	खसरा क्रमांक (इसके अंशो को सम्मिलित करते हुए, यदि कोई हो) (5)	क्षेत्रफल हेक्टर में (6)
1	हीरालाल पिता मुन्नालाल देवास	देवास नगर	देवास सीनियर	411	1.132
2	कस्तूरी बाई विधवा मुन्नालाल सुरेश पिता लक्ष्मण दादी कस्तूरी बाई देवास		देवास सीनियर	412/1	0.672
3	महेश कुमार पिता मुन्नालाल देवास		देवास सीनियर	412/2/1	0.423
4	श्रीमती मीना पति हेमन्त वर्मा देवास		देवास सीनियर	412/2/2	0.005
5	कुवर जी पिता ऊंकार जी देवास		देवास सीनियर	422/1/13/1	2.140
6	बाबुलाल पिता ऊंकार जी,		देवास सीनियर	422/1/13/2	2.140
7	रामनारायण ऊंकार, बाबुलाल हेमराज पिता ऊंकार देवास			422/1/13/3	

8	बाबुलाल पिता ऊंकार जी देवास		देवास सीनियर	422/1/13/4	0.364
9	हेमराज पिता ऊंकार जी		देवास सीनियर	422/1/13/5	2.140
10	रामनाराण पिता ऊंकार जी		देवास सीनियर	422/1/13/6	2.023
11	नस्रूद्दीन पिता शेख छोटू देवास		देवास सीनियर	422/1/13/7	0.448
12	शमशुद्दीन पिता नस्रूद्दीन शेख		देवास सीनियर	422/1/13/8	0.477
13	अंजूम पति शमशुद्दीन		देवास सीनियर	422/1/13/9	0.027
14	श्रीमती अंजूम पति शमशुद्दीन		देवास सीनियर	421/7	0.035
15	शासकीय		देवास सीनियर	417 पेकी	1.410
16	शासकीय		देवास सीनियर	435 पेकी	0.256
17	शासकीय		देवास सीनियर	529 पेकी	0.300

कोई भी व्यक्ति इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से, योजना में सम्मिलित किये गये क्षेत्र के भीतर किसी प्रकार का भूमि का उपयोग या भवन में परिवर्तन या कोई भी विकास संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश की अनुमति प्राप्त किये बिना नही करेगा।

क्र. 1731 देवास, दिनांक 27 अगस्त 2020

मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 (क्रमांक 23, सन् 1973) की धारा 50 की उप–धारा (1) के अधीन एतद् द्वारा घोषित किया जाता है कि. **देवास विकास प्राधिकरण** (नगर तथा ग्राम निवेश प्राधिकरण का नाम) नगर विकास योजना क्रमांक **TDS-03/2020** अर्थात देवास नगर (क्षेत्र का विवरण जहॉ स्कीम प्रस्तावित है) बनाने का आशय रखता है। स्कीम में सम्मिलित किये गये खसरा क्रमांक निम्नानुसार हैः–

सरल क्रमांक (1)	स्वामी का नाम (2)	तहसील (3)	ग्राम का नाम (4)	खसरा क्रमांक (इसके अंशो को सम्मिलित करते हुए, यदि कोई हो) (5)	क्षेत्रफल हेक्टर में (6)
1	मेसर्स ईंगल कन्स्ट्रक्शन प्रा.लि. कंपनी डायरेक्टर, पुरूषोत्तम अग्रवाल पिता राजकुमार अग्रवाल	देवास नगर	जैतपुरा	104	2.898
2	मेसर्स ईंगल कन्स्ट्रक्शन प्रा.लि. कंपनी डायरेक्टर, पुरूषोत्तम अग्रवाल पिता राजकुमार अग्रवाल		जैतपुरा	105 P	0.362
3	कन्हैयालाल रामलाल नारायण पिता बवल जैतपुरा,		जैतपुरा	106/1	1.761
4	ज्ञानचंद पिता किशनचंद देवास,		जैतपुरा	106/2	0.086
5	धनराज पिता किशनचंद लालवानी देवास,		जैतपुरा	106/3	0.250
6	सुलोचना पति किशनचंद देवास,		जैतपुरा	106/4	0.226
7	हजारीलाल कैलाश पिता कन्हैयालाल देवास,		जैतपुरा	116 P	0.215
					5.798

कोई भी व्यक्ति इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से, योजना में सम्मिलित किये गये क्षेत्र के भीतर किसी प्रकार का भूमि का उपयोग या भवन में परिवर्तन या कोई भी विकास संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश की अनुमति प्राप्त किये बिना नही करेगा।

क्र. 1732 देवास, दिनांक 27 अगस्त 2020

प्रारूप–सोलह

(नियम 19(2) देखिए)

धारा 50 की उप–धारा (1) के अधीन नगर विकास योजना बनाने के आशय की घोषणा की सूचना

मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 (क्रमांक 23, सन् 1973) की धारा 50 की उप–धारा (1) के अधीन एतद् द्वारा घोषित किया जाता है कि. **देवास विकास प्राधिकरण** (नगर तथा ग्राम निवेश प्राधिकरण का नाम) नगर विकास योजना क्रमांक **TDS-04/2020** अर्थात देवास नगर (क्षेत्र का विवरण जहॉ स्कीम प्रस्तावित है) बनाने का आशय रखता है। स्कीम में सम्मिलित किये गये खसरा क्रमांक निम्नानुसार है:–

सरल क्रमांक	स्वामी का नाम	तहसील	ग्राम का नाम	खसरा क्रमांक (इसके अंशो को सम्मिलित करते हुए, यदि कोई हो)	क्षेत्रफल हेक्टर में
1	नमृता इस्टेट एण्ड डेव्हलपमेंट प्रा.लि,. मोनिसा रियलिटी एण्ड फायनेंस प्रा.लि., मिगा डेव्हलपमेंट एण्ड मिथिला डेव्हलपमेंट रियलिटी प्रा.लि., नमृता डेव्हलपमेंट एण्ड फायनेंस प्रा.लि. नैना रियालिटी एण्ड डेव्हलपमेंट प्रा.लि., मनाली लीजिग एण्ड रियालिटी प्रा. लि. मृदु डेव्हलपमेंट एण्ड इस्टेट प्रा.लि. लता रियालिटी एण्ड फायनेंस प्रा.लि., नवल डेव्हलपमेंट एण्ड प्रा.लि.	देवास	जैतपुरा	378 P	0.156
2	नमृता ईस्टेट एण्ड डेव्हलपमेंट प्रा.लि. वगैरह बशरह		जैतपुरा	379/1	1.202
3	नमृता ईस्टेट एण्ड डेव्हलपमेंट प्रा.लि.. वगैरह बशरह		जैतपुरा	379/2	1.619

4	नमृता ईस्टेट एण्ड डेव्हलपमेंट प्रा.लि.. वगैरह बशरह		जैतपुरा	379/3	0.438
5	नमृता ईस्टेट एण्ड डेव्हलपमेंट प्रा.लि. वगैरह बशरह		जैतपुरा	379/3/1	0.759
6	नमृता ईस्टेट एण्ड डेव्हलपमेंट प्रा.लि. वगैरह बशरह		जैतपुरा	379/4	0.253
7	नमृता ईस्टेट एण्ड डेव्हलपमेंट प्रा.लि. वगैरह बशरह		जैतपुरा	379/5	0.254
8	परमानंद पिता पारूमल माधवानी, श्रीमती शारदा देवी पति परमानंद माधवानी, पेसुमल पिता पारूमल माधवानी, श्रीमती निर्मला देवी पति पेसुमल माधवानी देवास,		जैतपुरा	380/5/1	2.075
9			जैतपुरा	380/5/2	
10			जैतपुरा	380/5/3	
11			जैतपुरा	380/5/4	
12	नमृता ईस्टेट एण्ड डेव्हलपमेंट प्रा.लि.		जैतपुरा	382/3	0.650
13	राहुल पिता कैलाशचन्द्र डागा, देवास		जैतपुरा	380/6/1	0.030
14	कैलाश चन्द्र पिता गोपाल कृष्णा डागा देवास,		जैतपुरा	380/6/2	0.059
15	कैलाशचन्द्र पिता रायसिंह देवास,		जैतपुरा	380/6/2P	0.011
16	श्रीमती अंगुरी पति रामेश्वर दयाल अग्रवाल देवास,		जैतपुरा	380/6/3P	0.059
17	मुकेश पिता शंकर गिर देवास,		जैतपुरा	380/6/3P	0.011
18	श्रीमती संध्या पति मदन सिंह पटेल देवास,		जैतपुरा	380/6/3P	0.127
19	रमेशचन्द्र पिता चांदमल साहु देवास,		जैतपुरा	380/6/3P	0.040
20	श्रीमती सरस्वती पति रमेशचन्द्र देवास,		जैतपुरा	380/6/3P	0.039
21	श्रीमती मनोरमा देवास,		जैतपुरा	380/6/3	0.005
22	श्रीमती अंगुरी देवी देवास,		जैतपुरा	380/6	0.024
					7.811

कोई भी व्यक्ति इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से, योजना में सम्मिलित किये गये क्षेत्र के भीतर किसी प्रकार का भूमि का उपयोग या भवन में परिवर्तन या कोई भी विकास संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश की अनुमति प्राप्त किये बिना नही करेगा।

क्र. 1733 देवास, दिनांक 27 अगस्त 2020

मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 (क्रमांक 23, सन् 1973) की धारा 50 की उप–धारा (1) के अधीन एतद् द्वारा घोषित किया जाता है कि. **देवास विकास प्राधिकरण** (नगर तथा ग्राम निवेश प्राधिकरण का नाम) नगर विकास योजना क्रमांक**TDS-06/2020** अर्थात देवास नगर (क्षेत्र का विवरण जहॉ स्कीम प्रस्तावित है) बनाने का आशय रखता है। स्कीम में सम्मिलित किये गये खसरा क्रमांक निम्नानुसार है:–

सरल क्रमांक	स्वामी का नाम	तहसील	ग्राम का नाम	खसरा क्रमांक (इसके अंशो को सम्मिलित करते हुए, यदि कोई हो)	क्षेत्रफल हेक्टर में
1	1. वसीम पिता अब्दुल मजिद, लक्की पिता हरिश महाजन, राजेन्द्र पिता श्रीराम जैसवाल, विजेन्द्र पिता देवदास लश्करी, राकेश, 2. शासकीय, 3. कोई विवरण नही	देवास नगर	अमोना	1P	0.731
2	भैरूसिंह पिता सालगराम		अमोना	2	1.473
3	1. देवकरण पिता मॉगीलाल 2. शासकीय 3. कोई विवरण नही		अमोना	3P	1.982
4	1. देवकरण पिता मॉगीलाल 2. शासकीय		अमोना	5P	0.355
5	जगन्नाथ पिता रूगनाथ		अमोना	6P	1.265
6	1. भेरूसिंह पिता सालगराम 2. निरेभसिंह पिता सालगराम 3. जयसिंह पिता राजाराम 4. मानसिंह पिता राजाराम 5. लीलाबाई पति अशोक 6. ललीता बाई पति पोपसिंह		अमोना	7	0.167
7	1. चौकीदार इन्दरसिंह पिता देवीलाल 2. शासकीय 3. कोई विवरण नही 4. शासकीय		अमोना	8P	0.046
8	शासकीय		बिंजाना	51	0.161
9	शासकीय		बिंजाना	71	0.295
10	शासकीय		बिंजाना	72	0.027

11	1. भरतसिंह पिता करणसिंह 2. जितेन्द्र सिंह पिता भरतसिंह 3. कृष्णपाल पिता भरतसिंह 4. जितेन्द्रसिंह पिता भरतसिंह		नागुखेडी	135	0.114
12	हिन्दुसिंह पिता पन्नालाल		नागुखेडी	149	1.650
13	सुरेशचन्द्र पिता रामनिवास मोगल		नागुखेडी	221	1.918
14	सिद्धार्थ नगर बी.एन.पी अ.ज.जा कल्याण समिति देवास		नागुखेडी	222	1.079
15	बलदेवसिंह जयप्रकाश विशाल पिता माधोसिंह		नागुखेडी	226	1.798
16	पुष्पादेवी पिता बंशीलाल व्यास		नागुखेडी	227/1	1.262
17	गिरीश प्रकाश पिता शिवनारायण व्यास		नागुखेडी	227/2	1.518
18	विनय झालानी एण्ड संस, एच.डी.एफ कर्ता कविता दास पति विजय झालानी		नागुखेडी	228/1	0.287
19	विनय झालानी एण्ड संस, एच. डी.एफ कर्ता विनय झलानी पिता ओमप्रकाश झालानी		नागुखेडी	228/2	0.289
20	निखिल पिता दिनेश खण्डेलवाल		नागुखेडी	229/1	0.383
21	निखिल पिता दिनेश खण्डेलवाल		नागुखेडी	229/2	0.690
22	निखिल पिता दिनेश खण्डेलवाल		नागुखेडी	229/3	0.312
23	विनय कुमार पिता ओमप्रकाश झालानी		नागुखेडी	229/4	0.343
24	विनायक राव, शामभाजी राव पिता माधवराव, पुष्पाबाई वि. एकनाथ राव, विकास अकाश पिता एकनाथ राव, लता वि. सदाशिवराज, दीपक, संदीप पिता सदाशिवराव, गंगाबाई, हीराबाई प्रमिला बाई पिता माधवराव		नागुखेडी	230	1.415
25	श्री मारूती मंदिर		नागुखेडी	231	0.024
26	अंतरिक्ष सेन पिता शिवनाराण सेन		नागुखेडी	232	0.254

27	गंगाबाई पति राधाकृष्ण शंकर मदन तेजराम पिता राधाकृष्ण, हीरलाल, कमलाबाई रूकमा पिता लक्ष्मीनारायण दीलिप ईश्वर सुनीता बाई पिता मानसिंह, चतरबाई पति मानसिंह		नागुखेडी	233	5.102
28	हिन्दुसिंह पिता पन्नालाल		नागुखेडी	234	0.197
29	सुशीलाबाई पिता गोवर्धन दास		नागुखेडी	235	0.247
30	1. भरतसिंह पिता करणसिंह 2. राजकुवरबाई धन्नाबाई, ललीताबई, धापूबाई, गुलाबबाई, शिवकन्याबाई, रामकन्याबाई पिता करणसिंह		नागुखेडी	236	0.010
31	रूपसिंह कैलाश सिंह पिता नारायण सिंह, तुलसीबाई वि. अर्जनुसिंह अनील अरूण पिता अर्जुनसिंह		नागुखेडी	237	0.054
32	गोपाल पिता लक्ष्मीनारायण		नागुखेडी	240	2.956
33	1. सावित्री बाई वि. कैलाश, नवीन, प्रदीप, शोभा, सरोज, पिता कैलाश 2. बाबुलाल पिता रामाजी 3. तेजुबाई वि. अजबसिंह, बेबीसिंह वि. जगदीश शेखर राधाबाई पिता जगदीश		नागुखेडी	241	1.583
34	1. सावित्रीबाई पति मुकेशसिंह रामाबाई पति कमलसिंह 2. बाबुलाल पिता रामाजी 3. तेजुबाई वि. अजबसिंह शिवनारायण, कन्हैयालाल, गणेश, कृष्णाबाई, गंगाबाई पिता अजबसिंह, बबीबाई वि. जगदीश शेखर राधाबाई पिता जगदीश		नागुखेडी	242	1.118
35	1. सावित्रीबाई पति मुकेशसिंह रामाबाई पति कमलसिंह 2. पुष्पाबाई पति डॉ. सुरेश शर्मा		नागुखेडी	243	0.902

